कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/मा/संस्था/सी–6/रावि/स्थानांतरण/2019 दिनांक 29.09.2019 के तहत् श्री अश्विनी कुमार व्याख्याता राजनीति विज्ञान राउमावि राजगढ़, चूरू का स्थानांतरण राउमावि ढढेरू भांभूआन, बीदासर, चूरू किया गया। श्री अश्विनी कुमार ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय राजस्थान जोधपुर में एस.बी.सिविल याचिका संख्या 15543/2019 श्री अश्विनी कुमार बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

एस.बी.सिविल याचिका संख्या 15543/2019 में माननीय न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 15.10.2019 द्वारा याचिकार्थी श्री अश्विनी कुमार को प्रत्यर्थी विभाग के सक्षम अधिकारी के समक्ष अपनी वेदना व्यक्त करते हुए एक अभ्यावेदन पेश किये जाने की स्थिति में इसे विधि अनुसार एक सकारण आख्यात्मक आदेश (REASONED SPEAKING ORDER) द्वारा अभ्यावेदन प्राप्त होने पर निस्तारित किये जाने संबंधी आदेश दिए।

माननीय न्यायालय निर्णय के क्रम में याचिकार्थी श्री अश्विनी कुमार द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के द्वारा स्थानांतरण बाबत आवेदन नहीं करने, पति–पत्नी के एक ही विद्यालय में सेवारत होने एवं गत सत्र में परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहने आधार पर अपना पदस्थापन राउमावि राउ टिब्बा, चूरू की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

माननीय न्यायालय के निर्णय के क्रम में याचिकार्थी द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन का गहनता से परीक्षण व मनन किया गया। याचिकार्थी की गंभीर प्रतिकुल पारिवारिक परिस्थितियो को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि राउ टिब्बा, चूरू में व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। उक्त पदस्थापन/समायोजन माननीय अधिकरण के आगामी/अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेंगे।

24/12

(हिमांशु गुप्ता)
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–6/अभ्यावेदन/स्थानांतरण/को.के/19–20/12/2019 दिनांकः– 24/12/19

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा.................................।
3. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा..................।
4. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) ....।
5. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
6. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
7. संबंधित प्राधानाचार्य/कार्मिक राउमावि. ....।
8. गार्ड पंजिका।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर